# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
## पुनरावृत्ति पत्रिका (2019–2020)
## वार्षिक परीक्षा

कक्षा : चौथी विषय : हिन्दी

उपविषय :– पाठ :– 12सुख की कुंजी (कविता), पाठ–13 इच्छाशक्ति का कमाल, पाठ–14 शिष्टाचार, पाठ–15 सरजू को लालच मार गया

व्याकरण– अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, विशेषण भेदों सहित, अशुद्धि शोधन, अनेकार्थी शब्द, मुहावरे, अपठित काव्यांश, अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश, रचनात्मक लेख (पत्र लेखन, अनुच्छेद लेखन)

### अपठित गद्यांश

प्र01 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

अगर इस धरती पर पेड़ न होते तो हम भी न होते। पेड़–पौधों से ही हमें भोजन यानि फल, अन्न आदि मिलता है। कई पेड़ों की जड़, छाल और पत्तियों से दवाइयाँ बनती हैं। पेड़ों से कपास, चाय, कॉफी, लकड़ी और रबड़ मिलता है। ये सब चीज़ें हमारे रोज़ के काम में आने वाली चीज़ें हैं। पेड़ों के कारण हमें शुद्ध हवा मिलती है। पेड़ों के ही कारण समय पर पानी बरसता है। पेड़ों से रंग–रोगन और इत्र भी बनाए जाते हैं। गरमी में छाया सुख देने वाली होती है। बच्चे पेड़ों के झुरमुट में आँख–मिचौली खेलते हैं। इनसे हमें छाया, ठंडक, शुद्ध हवा, लकड़ियाँ, सुंदर–सुंदर पुष्प, फल आदि अनेक चीज़ें मिलती हैं। इस प्रकार से पेड़–पौधे हमें हर तरह से लाभ पहुँचाते हैं और बदले में केवल हमारी सहानुभूति चाहते हैं। तो क्या हम उन्हें इतना भी नहीं दे सकते। यदि नहीं, तो हम मनुष्य कहलाने के लायक भी नहीं हैं। अतः पेड़ों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। आपको अपने हर जन्मदिन पर एक पेड़ लगाना चाहिए ताकि हमारा संसार हरा–भरा रह सके।

प्र0क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

1. पेड़ों से हमें क्या–क्या मिलता है?
2. पेड़ क्या चाहते हैं?

ख) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए–

1. धरती – भूमि, धूली
2. संसार – आसमान, जगत

ग) सही या गलत का निशान लगाइए –

1. पेड़ों के कारण समय पर पानी नहीं बरसता है। ( )
2. पेड़ों से रंग–रोगन और इत्र भी बनाए जाते हैं। ( )

घ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–

1. पेड़ों के कारण हमें कैसी हवा मिलती है?

(क) शुद्ध ( ) (ख) अशुद्ध ( )

2. बच्चे पेड़ों के झुरमुट में क्या खेलते हैं?

(क) क्रिकेट ( ) (ख) आँख–मिचौली ( )

प्र02 निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

वह देखो माँ, आज खिलौनेवाला फिर से आया है,
कई तरह के सुंदर–सुंदर, नए खिलौने लाया है।
हरा–हरा तोता पिंज़डे में, गेंद एक पैसे वाली,
छोटी–सी मोटरगाड़ी है, सर–सर–सर चलने वाली।
सीटी भी है कई तरह की, कई तरह के सुंदर खेल,
चाबी भर देने से भक–भक, करती चलने वाली रेल।
गुड़िया भी है बहुत भली–सी, पहने कानों में बाली,
छोटा– सा 'टी सेट' है छोटे–छोटे हैं लोटा–थाली।

क) सही विकल्प चुनकर लिखिए–

1. कौन फिर से आया है?

(क) खिलौने वाला ( ) (ख) आइसक्रीम वाला ( ) (ग) गुब्बारे वाला ( )

2. खिलौने वाला क्या लाया?

(क) गुब्बारे ( ) (ख) किताबें ( ) (ग) खिलौने ( )

3. पिंजड़े में कौन है?

(क) तोता ( ) (ख) घोड़ा ( ) (ग) हाथी ( )

4. एक पैसे वाली क्या है?

(क) गेंद ( ) (ख) गाड़ी ( ) (ग) गुड़िया ( )

5. खिलौने वाले के पास छोटी–सी क्या है?

(क) रेलगाड़ी ( ) (ख) मोटरगाड़ी ( ) (ग) बैलगाड़ी ( )

ख) निम्नलिखित शब्दों के समान तुक वाले शब्द लिखिए–

(क) आया– (ख) खेल– (ग) बाली –

पाठ से संबंधित

प्र03 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

दूसरों के निजी पत्र पढ़ना भी अशिष्टता है। किसी के घर या कमरे में जाते समय दरवाज़ा खटखटाना चाहिए और पूछना चाहिए– ''क्या मैं अंदर आ सकता हूँ?'' बिना दरवाज़ा खटखटाए और बिना पूछे अंदर घुस जाना

अशिष्टता है। अनुशासन शिष्टाचार की तीसरी शर्त है। हमें समाज के नियमों और कानूनों का पालन करना चाहिए। सड़क के बीचोबीच चलना या पूजा–स्थल में जूते पहनकर प्रवेश करना अनुचित है। जहाँ कहीं लोग पंक्ति बनाकर खड़े हों, वहाँ अपनी बारी की प्रतीक्षा करो। हमें समय का पाबंद होना चाहिए। किसी को दो बजे का समय देकर वहाँ चार बजे पहुँचना अथवा बिलकुल ही न पहुँचना अशिष्टता है।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

1. किसी के घर या कमरे में जाते समय क्या करना चाहिए?
2. शिष्टाचार की तीसरी शर्त क्या है और हमें किसका पालन करना चाहिए?

ख) सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए–

1. दूसरों के निजी पत्र पढ़ना अशिष्टता है। (    )
2. हमें समय का पाबंद होना चाहिए। (    )

प्र04 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क) शिष्टाचार का क्या अर्थ है और हमें किसका आदर करना चाहिए?

ख) सेनापति ने सैनिकों को मंदिर के बाहर रुकने का आदेश देते हुए क्या कहा?

ग) भगवान शिव ने गरीबदास को क्या वरदान दिया?

घ) भिखारी के आते ही सरजू ने क्या किया?

प्र05 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

क) एक बार ............... ने जापान पर हमला कर दिया।

ख) ............ केवल वाणी में नहीं बल्कि ............... में भी होनी चाहिए।

ग) ब्राह्मण सोने की .......... तो उठा ले गया था, किंतु वह .......... भूल से वहीं पड़ा छोड़ गया।

घ) महिलाओं के प्रति ............... प्रकट करना शिष्ट आचरण है।

प्र06 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ–

क) आत्मविश्वास– ख) आचरण– ग) लालच– घ) प्रतीक्षा–

प्र07 सही विकल्प चुनकर लिखिए –

क) जापानी सैनिक क्या नहीं चाहता था?

1. युद्ध 2. आत्मसमर्पण 3. शांति

ख) शिष्ट का अर्थ है?

1. अच्छा 2. आचरण 3. बुरा

ग) सरजू नाई कैसा आदमी था?

1. समझदार 2. धार्मिक 3. लालची

प्र08 निम्नलिखित वाक्य किसने कहे लिखिए –

क) ''सिक्के ने हमारा भाग्य ही पलट दिया।''

ख) ''प्रिय गरीबदास, मैं तुम्हारी भक्ति से प्रसन्न हूँ।''

ग) ''भगवान! आपने मुझे दर्शन दिए, मेरे लिए यही सबकुछ है।

प्र09 सही शब्द लिखकर वाक्यों को पूरा कीजिए –

क) वे अपने घर जा रहे ..................। (हैं/है)

ख) भगवान शिव उसकी भक्ति से प्रसन्न .............। (था/थे)

ग) बालक हँस रहे ................। (है/हैं)

प्र010 निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए –

क) जेठ तपे तो बरखा आए,

.........................................।

तपन मिटे धरती की सारी,

.............................................।

ख) जितना–जितना कष्ट झेलते

.................................................।

यही तपन है सुख की कुंजी,

.................................................।

व्याकरण से संबंधित

प्र011 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए–

क) भगवान को मानने वाले को .................. कहते हैं।

ख) राधा का भाई गाँव में रहता है, वह एक ................. है।

ग) रानी का भाग्य अच्छा है, वह.............. है।

घ) राजू का नौकर पढ़ा–लिखा नहीं है, वह ........... है।

प्र012 कोष्ठक में दिए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–

क) मछली जल में रहती है, वह ......... है। (जलचर/अनपढ़)

ख) विश्वास करने योग्य को ............. कहते हैं। (किसान/विश्वसनीय)

ग) गाँधी जी सदा सत्य बोलते थे, वे ............ थे। (सत्यवादी/अनपढ़)

घ) मेरा भाई भगवान को नहीं मानता, वह ......... है। (अदृश्य/नास्तिक)

प्र012 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों के भेद लिखिए–

क) तितली लाल फूल पर बैठी है।

ख) ग्वाला पाँच लीटर दूध दे गया।

ग) हम चार दोस्त मिलकर खेलेंगे।

घ) मेरी बहन नटखट है।

प्र014 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों के सही भेद चुनकर लिखिए–

क) यह मेरी नई साइकिल है। (गुणवाचक / संख्यावाचक)

ख) मेरे पास तीन पेंसिलें हैं। (परिमाणवाचक / संख्यावाचक)

ग) मुझे दो किलो चावल दे दो। (गुणवाचक / परिमाणवाचक)

घ) बगीचे में बड़ा पेड़ टूट गया। (गुणवाचक / संख्यावाचक)

प्र015 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके वाक्य पुनः लिखिए–

क) तीन भाई हैं नेहा के।

ख) मिठाई खाई संजय ने।

ग) खाएँगे हम सब खाना।

घ) फूल हैं बगीचे में अनेक।

प्र016 कोष्ठक में दिए शुद्ध शब्दों को चुनकर रिक्त स्थान भरिए–

क) रोहन की माँ ............ है। (बीमार / बिमार)

ख) मैं ............ जा रहा हूँ। (स्टेशन / सटेशन)

ग) मेरा .............. बहुत बड़ा है। (सकूल / स्कूल)

घ) हमें ............ नहीं बोलना चाहिए। (झूठ / झूट)

प्र017 कोष्ठक में दिए उचित अनेकार्थी शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए –

क) राधा के (कर) ...... गंदे हैं। (हाथ / टैक्स)

ख) मुझे ठंडा (पानी) ........... पीना है। (जल / चमक)

ग) राधा का (वर) .......... सुंदर है। (वरदान / दूल्हा)

घ) मेरी माँ (कृष्ण) ............... की पूजा करती है। (काला / श्री कृष्ण)

प्र018 निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो–दो अर्थ लिखिए–

क. वार– ख. पत्र – ग. रस – घ. हार–

प्र019 निम्नलिखित वाक्यों में सही मुहावरों का प्रयोग करके रिक्त स्थान भरिए–

क) भारत ने क्रिकेट मैच में श्रीलंका के.................. दिए। (दाँत खट्टे करना/तलवे चाटना)

ख) पुलिस को देखते ही चोर .................. गया। (दाल में काला/चंपत होना)

ग) मेरे पिता जी ने आज नई दुकान का .................. किया। (श्रीगणेश करना/कान भरना)

घ) कुछ लोग दूसरों के काम में ............... हैं। (टाँग अड़ाना/अँगूठा दिखाना)

प्र020 मुहावरों को उनके अर्थ से मिलाइए –

1. कमर कसना – शक होना
2. कान भरना – बहुत गुस्सा होना
3. दाल में काला – तैयार होना
4. लाल–पीला होना– चुगली करना

प्र021 अपने मित्र को खेलों का महत्व बताते हुए पत्र लिखिए–

प्र022 'मेरा सपना देश की सेवा' विषय पर सहायक सूची की मदद से एक अनुच्छेद लिखिए। (शब्द सीमा – 70–80)

सहायक सूचीः– सैनिक, सेवा, भलाई, बुराई का अंत, तूफ़ानों का सामना, निडर, सम्मान, सही मार्ग, दुश्मनों का सामना, मिलकर चलना, गर्व